**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 1936**
**06 दिसंबर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और स्नायुविज्ञान संस्थान में मरीजों को भर्ती करना**

**1936. श्री माधवनेनी रघुनंदन राव:**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और स्नायुविज्ञान संस्थान (एनआईएमएचएएनएस), बेंगलुरू में तेलंगाना राज्य के रोगियों की सुविधा के लिए एक पृथक प्रभाग है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी तंत्र का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार द्वारा एनआईएमएचएएनएस में राज्य से बाहर के रोगियों को भर्ती करने की सुविधा प्रदान करने के लिए कोई कदम उठाए गए हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क) और (ख): राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं स्नायुविज्ञान संस्थान (निमहांस), बेंगलुरू में आने वाले सभी रोगियों को, चाहे वे कहीं के भी निवासी हों, एक ही सुविधा केन्द्र में इलाज किया जाता है। हालांकि, वित्त वर्ष 2023-24 में तेलंगाना के 1921 रोगी निमहांस आए है और उन्हें ओपीडी, आईपीडी, आपातकालीन और कैजुअल्टी में उपचार सुविधाएं प्रदान की गई हैं।

(ग) और (घ): भारत के सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के रोगी जो निमहांस जाते हैं उनके साथ समान व्यवहार किया जाता है। रोगियों को आवश्यकता के अनुसार, उनके निवास स्थान पर ध्यान दिए बिना, एक ही सुविधा केन्द्रों में भर्ती किया जाता है।

****